8-1/के.सं.वि./समर्थ प्रवेश/2023/1162

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली

**जनकपुरी, नई दिल्ली-110058**

**शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 2023-24 प्रवेश हेतु अधिसूचना**

**दिनांक-25.09.2023**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में शिक्षाशास्त्री कक्षा हेतु आवेदकों में से वरीयता क्रम एवं आरक्षण नियमों के अनुसार परामर्श (Counselling) के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की चतुर्थ सूची संलग्न है। परामर्श (Counselling) के लिये यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करती। परामर्श (Counselling) के बाद चयनित प्रवेशार्थी को शुल्क online माध्यम से ही जमा कराना होगा। परामर्श (Counselling) हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से/ऑनलाईन उपस्थित नहीं होने, निर्धारित शुल्क जमा न कराने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वत: निरस्त मानी जायगी।

***आवश्यकप्रमाणपत्र-***

(1) शिक्षाशास्त्री के ऑन लाईन आवेदनपत्र। (Samarth Portal से छात्र स्वयं download करके परिसरीय समिति को प्रदान करें।)

(2) Part B form (ऑन लाईन आवेदनपत्र के साथ परिसर में देना होगा। यह फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।)

(3) जन्मतिथि के प्रमाण के लिये मैट्रिक/सेकेण्डरी/समकक्ष परीक्षा का प्रमाणपत्र तथा अंकतालिका।

(4) प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(5) शास्त्री/बी.ए.(संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका।

(6) आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका (यदि हो)

(7) यदि आप अनुसूचित जाति(SC)/अनुसूचित जनजाति(ST)/अन्य पिछड़ा वर्ग(OBC)/आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) से सम्बन्धित हैं तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र।

(8) दिव्यांग होने की स्थिति में चिकित्सक द्वारा प्रदत्त कम से कम 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख के साथ प्रमाणपत्र होना चाहिए।

(9) यदि आप क्रीडा एवं युद्ध आहत से सम्बन्धित हैं तो सम्बद्ध प्रमाणपत्र।

(10) प्रव्रजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate)

(11) स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (यदि हो) एवं चरित्र प्रमाणपत्र। (Transfer Certificate (If available) & Character Certificate)

(12) Academic Bank Credit (ABC) का पञ्जीकरण प्रपत्र।

(13) यदि आप एकल बालिका हो तो सम्बन्धित (Affidavite) प्रपत्र।

(14) EWS प्रमाण पत्र वर्तमान वर्ष का होना आवश्यक है।

(15) OBC Non Creamy layer के लिए Income Certificate वर्तमान वर्ष का होना आवश्यक है।

(16) NER सम्बन्धित प्रमाण पत्र।

**आवश्यक सूचनाएँ-**

- सम्बन्धित परिसरों द्वारा निर्मित स्थानीय प्रवेश समिति के समक्ष पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
- प्रवेश निर्धारित तिथियों में ही दिया जाएगा।
- आपके द्वारा आनॅलाइन आवेदनपत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही आपको परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिए सूचना दी गई है। आपके द्वारा दी गई जानकारी वास्तविक जाँच में यदि असत्य पायी गयी तो आपको प्रवेश योग्य नहीं माना जाएगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रवेश के संबंध में स्थानीय प्रवेश समिति का निर्णय मान्य होगा।
- जो परिसर परामर्श (Counselling)/प्रवेश के लिये आवंटित किया गया है, उसी परिसर में आपको प्रवेश दिया जा सकता है। प्रवेश के पश्चात् स्थानान्तरण नहीं होगा।
- प्रवेश समाप्त होने के पश्चात् विश्वविद्यालय के परिसरों में स्थान रिक्त होने पर उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों की सूची में से शेष प्रवेशार्थियों को नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा। उक्त सन्दर्भ में सूचना तत्समय विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.sanskrit.nic.in) पर देखी जा सकती है।
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अतिरिक्त प्रवेश सम्बन्धी सूचना पोस्ट या अन्य माध्यम से नहीं भेजी जाएगी।
- प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में ही परामर्श (Counselling) की सुविधा दी गई है। आबंटित परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित प्रवेशार्थियों के दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ही ***स्थायीप्रवेश*** एवं ऑन-लाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर ***अस्थायीप्रवेश*** दिया जायेगा। जिन प्रवेशार्थियों को

कृ.प.उ.

- ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त प्रवेशार्थियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया जाये कि "यह आपका अस्थायी प्रवेश है। प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब आप भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।"
- सूची में प्रवेशार्थियों का दूरभाष एवं ई-मेल विवरण दिया गया है। अत: सूची में अंकित प्रवेशार्थियों से दूरभाष से भी सम्पर्क किया जा सकता है।
- किन्हीं कारणों से प्रवेशार्थियों के प्रवेश में त्रुटि पाये जाने पर एवं प्रवेशार्थियों द्वारा न्यायालय में शिकायत करने पर सम्बन्धित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति एवं निदेशक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
- छात्रों को www.abc.gov.in लिंक पर जाकर पञ्जीकरण करना आवश्यक है। पञ्जीकरण के उपरान्त पञ्जीकरण की प्रतिलिपि प्रवेश समिति को प्रस्तुत करनी होगी।
- प्रवेश दिनांक 26.09.2023 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 28.09.2023 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीय समय पर लिया जायेगा।
- स्थानिय प्रवेश समिति के द्वारा जिन प्रवेशार्थियों को स्थायी/अस्थायी रूप से प्रवेश दिया जाता है उन प्रवेशार्थीयों को https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/ पर प्रवेश शुल्क भरने के लिए मार्गदर्शन करें।
- सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार देय होगा।

| शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष | शिक्षा शास्त्री द्वितीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध- 7500/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) | तृतीय सत्रार्द्ध- 7500/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) |
| द्वितीय सत्रार्द्ध- 1700/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/-(SC/ST/PWD/CW) | चतुर्थ सत्रार्द्ध- 1700/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/- (SC/ST/PWD/CW) |

- प्रवेशार्थियों का प्रवेश शुल्क परिसर के द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा। SC/ST/PWD/CW अभ्यर्थीयों के लिए केवल शिक्षण शुल्क में छुट है।
- प्रवेशार्थीयों का प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के बाद **दिनांक 03.10.2023** को परिसर में उपस्थित होना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेश निरस्त किया जाएगा।
- प्रवेशार्थियों का परामर्शन प्रक्रिया के उपरान्त सफल अभ्यर्थी दिनांक 26.09.2023 से दिनांक 28.09.2023 रात 12.00 बजे तक प्रवेश शुल्क समर्थ पर प्रदान कर सकते हैं।
- जिन छात्रों का परामर्शन जिस दिन किया जाएगा, उसी दिन परिसरीय तकनीकी सहायक के सहायता से समर्थ पोर्टल पर प्रवेश शुल्क प्रदान हेतु प्रक्रिया सम्पादन करनी होगी तथा परामर्शन प्रक्रिया में भाग लेने वाले आवेदकों का विवरण प्रेषित प्रारुप में YES/NO उल्लेखित कर दिनांक 29.09.2023 सायं 11.00 बजे उक्त मेल पर ss-admission@csu.co.in प्रेषित करने की कृपा करें।
- प्रवेश के उपरान्त रिक्त स्थान का स्पष्ट विवरण प्रेषित करने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

B. Bisoal 25/09/23

**(प्रो. बनमाली बिश्वाल)**

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)